THE LOK SABHA REASSEMBLED AFTER LUNCH AT THREE MINUTES PAST FOURTEEN OF THE CLOCK.

(Mr. Speaker *in the Chair*).

RE : BUSINESS OF THE HOUSE *–Contd.*

SHRI SAMAR GUHA (Contai) : On a point of order, Sir. My point of order is this. First of all the House has to decide whether the No-confidence Motion is to be taken up first or the Adjournment Motion is to be taken up first. We were expecting that the Adjournment Motion will be taken up first. This is an important issue of exodus of refugees from Pakistan. The Government has all along taken a callous, heartless, even cruel attitude to the minorities. Every day 1600 refugees are entering into India. This is a subject which should have been given priority. 60,000 refugees are suffering and they are put in inhuman condition. This matter has been discussed in the Rajya Sabha for the whole day yesterday. Daily 1600 people are coming. When the Prime Minister visited Calcutta, she did not care to go to that area. I wrote to her several letters and I sent her telegrams but she had not cared to visit that place. So, it is necessary that the Adjournment Motion should be taken up first and the No-confidence Motion may be taken up tomorrow.

MR. SPEAKER : This has already been fixed.

SHRI SAMAR GUHA : As a protest I walk out. All this shows the inhuman, heartless, cruel, callous attitude of this Government towards the refugees and the minorities. You have not allowed this House to discuss this very important matter. In protest, I walk out.

(*Shri Samar Guha then left the House*)

श्री कंवर लाल गुप्ता (दिल्ली-सदर) : अध्यक्ष महोदय, यह कितनी देर चलेगा ?

SHRI S. M. BANERJEE (Kanpur) : You may ask the Minister to make a Statement at least on which we can discuss the entire issue.

अध्यक्ष महोदय : जो चीज तय हो चुकी है, उसे चलने दीजिए। यह तरीका है, जिस की मर्जी आती है वही बोलने लगता है।

SHRI S. M. BANERJEE : Let the Minister make a statement. More than 2 lakhs of people have come.

SHRI INDRAJIT GUPTA (Alipore) : Why should opportunity be given to the other House to discuss this while we are not given an opportunity to do so ?

MR. SPEAKER : I have already sent the notice to the hon. Minister, and I shall let the hon. Member know.

SHRI S. M. BANERJEE : Let the hon. Minister make a statement today at six o' clock. We are prepared to wait. Let us have a discussion on that statement some time tomorrow.

श्री रामावतार शास्त्री (पटना) : अध्यक्ष महोदय, साउथ ईस्टर्न रेलवे और नार्थ ईस्टर्न फ्रांटियर रेलवे के लोगों को गिरफ्तार किया जा रहा है, इस पर बहुत हंगामा मचा हुआ है। रेलवे मंत्री इस पर बयान दे सकते हैं. आप उन से कहें कि वे इस पर बयान दें।

14.06 hrs.

MOTION OF NO-CONFIDENCE IN THE COUNCIL OF MINISTERS *Contd.*

श्री मधु लिमये (मुंगेर) : अध्यक्ष महोदय, मैं अपना अविश्वास का प्रस्ताव इस सदन के सामने पेश कर रहा हूं। अविश्वास का प्रस्ताव हो या काम रोको प्रस्ताव हो या

[श्री मधु लिमये]

असहमति प्रकट करने का प्रस्ताव हो- ये सारे संसदीय तरीके हैं जनता के सवालों पर यहां बहस उठाने के। अगर आज हमारे मंत्री लोग अन्तरआत्मा की पुकार को सुनेंगे तो शायद वोट के समय वे हमारे प्रस्ताव के हक में वोट देंगे, लेकिन अगर कुर्सी के मोह से-इन लोगों को जो बड़ी बड़ी कोठियां मिलती हैं, एक एक मील लम्बी अमरीकन गाड़ियां मिलती हैं, अगर इन सारी चीजों के मोह से मुक्त हो जायेंगे, तो जरूर अन्तरआत्मा की आवाज सुन पायेंगे।

अध्यक्ष महोदय, इस प्रस्ताव के दो हिस्से हैं—पहले प्रस्ताव में यह कहा गया है कि ऐसे जनतंत्र विरोधी हथकण्डे अपनाये जा रहे हैं, जिन से केरल में जो चुनाव होने वाला है, वह स्वतंत्र और निष्पक्ष वातावरण में नहीं हो पायेगा। आप पूछ सकते हैं कि केरल के चुनाव का मसला हम लोग यहां पर क्यों उठा रहे हैं? क्या इलैक्शन कमीशन संविधान के अन्दर एक स्वतंत्र हैसियत नहीं रखता है और क्या उनके द्वारा जो तिथियां निश्चित की जाती हैं, उन के बारे में हम लोग दखल दे सकते हैं? तो, अध्यक्ष महोदय, मेरा जवाब यह होगा कि इलैक्शन कमीशन को यह भली-भांति मालूम था कि लोक सभा में इस विषय पर बहस होने जा रही है, ऐसी स्थिति में उन को चाहिए था, उन का यह नैतिक फर्ज था कि बहस के दौरान क्या बातें आती हैं, कौन से दृष्टि कोण रखे जाते हैं, उन को सुनने के बाद उनका अध्ययन करने के बाद, उन को जो निर्णय करना था, वह उन्हें करना चाहिये था। लेकिन यह निर्णय, जो इतनी जल्दबाजी में किया गया है इस के पीछे मुझे कोई रहस्य मालूम पड़ता है। पार्लियामेंट के सामने जब यह मसला है और यह समूचे राष्ट्र की पंचायत है, तो उसको विचार करने का मौका देने के पहले ही इलैक्शन कमीशन जब इस तरह का निर्णय करता है तो इसका साफ मतलब है कि उन के ऊपर संविधान में जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका उन्होंने पालन नहीं किया है। कम से कम हमारी बातों को उन्हें पढ़ना चाहिये था, सुनना चाहिये था, समझने की कोशिश करनी चाहिये थी।

केरल के चुनावों की पृष्ठभूमि क्या है? चुनाव जल्द हो या कुछ विलम्ब किया जाय-इस में यह सवाल नहीं है। इस में दो सवाल जुड़े हुए हैं। हम भी चाहते हैं कि चुनाव जल्द हों, लेकिन चुनाव का जो आधार होगा—मतदाता सूची-अगर मतदाता सूची में हैरा-फेरी की गई है, अगर जाली सूची बन गई है, तो उसके अधार पर जो चुनाव होगा, वह निष्पक्ष चुनाव नहीं हो पायेगा, जनता की राय का सही मामलों में उस में प्रतिबिम्ब नहीं पड़ेगा। इसलिए सबसे बड़ा आक्षेप यह है कि मतदाताओं की जो सूची तैयार की गई है वह बिल्कुल जाली सूची है। उसके कुछ सबूत मैं पेश करना चाहता हूं। कुल मतदाताओं की संख्या 86 लाख के आसपास है। लेकिन अच्युत मेनन सरकार की निगरानी में नयी सूची बनाई गई है और हमें इस बात को भूलना नहीं चाहिए कि इलैक्शन कमीशन तो स्वतंत्र हैसियत रखता है लेकिन मतदाता सूची तैयार कराने या चुनाव कराने की जो सारी मशीनरी है वह राज्य सरकारों की मशीनरी होती है और इसलिए अच्युत मेनन सरकार की निगरानी में जो सूची बनी है वह कैसे जाली है इसके दो सबूत मैं पेश करना चाहता हूं। कुल 86 लाख मतदाता पहले थे लेकिन आश्चर्य की बात है कि इस नयी सूची में से 17 लाख मतदाता छांट दिये गये हैं। आप लोग जानते हैं कि केरल में मौतें इतनी तेजी से नहीं होती हैं। आप सेन्सस रपट देख लेंगे तो पता चलेगा कि हिंदुस्तान में मौत का अनुपात सबसे कम केरल में है। इस वक्त मैं इस पर आ रहा हूं कि 17

लाख लोगों को कैसे छांट दिया गया क्योंकि ये तकरीबन 20 परसेंट हो जाते हैं। क्या अच्युत मेनन की सरकार का यह कहना है या इलैक्शन कमीशन का यह कहना है कि केरल में लोग इतनी तेजी से मरते हैं कि तीन साल में 20 प्रतिशत प्रौढ़ मतदाता खत्म हो गए ?—(व्यवधान)—

अब आप दूसरा पहलू भी देख लीजिए। नयी सूची में 31 लाख नये मतदाता जोड़ दिये गये हैं जिसका मतलब है कि प्रौढ़ मतदाताओं में 36 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। हम सभी जानते हैं कि केरल के जो लोग हैं, चाहे ईसाई हों, हिन्दू हों या मुसलमान हों वे परिवार नियोजन में ज्यादा विश्वास नहीं करते हैं, उनके बड़े परिवार होते हैं। मैं इस बात को मानता हूं लेकिन क्या हर साल प्रौढ़ मतदाताओं में 12 प्रतिशत की वृद्धि केरल में भी हो सकती है ? ढाई प्रतिशत के अनुपात से जनसंख्या बढ़ रही है तो केरल में तीन प्रतिशत तक मान लीजिए। इसलिए इससे साफ हो गया कि यह मतदाता सूची बिल्कुल जाली है और जबतक इस सूची में ठीक ढंग से परिवर्तन नहीं होता—यानी जिस तरीके से 17 लाख लोगों को छांट दिया गया है और नये 31 लाख लोगों को जोड़ दिया गया है, ये दोनों काम जाली हैं इसलिए मतदाता सूची में जबतक सुधार नहीं होता तबतक चुनाव करने का कोई मतलब नहीं है। अगर मतदाता सूची ठीक ढंग से सुधारी जाती और उसके बाद चुनाव की तारीख तय की जाती तो बात समझ में आ सकती थी।

दूसरी बात यह है। जिस ढंग से केरल में अच्युत मेनन की सरकार को जीवित रखा गया है उस स्थिति के उधर भी आप गौर फरमायें। मार्च में विधान सभा की बैठक हुई थी और मेरा ख्याल है कि 9-10 अप्रैल तक विधान सभा की बैठक का कार्यक्रम बन चुका था, कई अध्यादेश, आर्डिनेन्सेज ये जिनको विरोधों के रूप में पास कराने का काम करना था तो क्या वजह थी कि जब 9-10 अप्रैल तक विधान सभा की बैठक का कार्यक्रम निश्चित था तो तकरीबन 15-16 दिन पहले ही विधान सभा की बैठक को अचानक स्थगित कर दिया गया ? अचानक इसलिए स्थगित किया गया कि अखबारों में खबरें आई थीं, मुझे याद है गौरी टामस का बयान आया था कि 73 लोग हमारा साथ दे रहे हैं, हम इस सरकार को गिरायेंगे। हो सकता है कि उनके बयान में तथ्य हो। यह भी मैं कबूल करने के लिए तैयार हूं कि शायद अगर शक्ति परीक्षा होती तो उनका जो यह बयान था वह सही नहीं निकलता लेकिन वह एक विवाद की बात है परन्तु जब विधान सभा की बैठक 9-10 अप्रैल तक चलने वाली थी तो क्या यह जनतांत्रिक परम्परा के अनुकूल है कि विधान सभा की बैठक को इस तरह से अचानक स्थगित कर दिया जाये ? मध्य प्रदेश के बारे में कई दफा हम इस पर बहस कर चुके हैं और मेरी राय में जनतन्त्र की जो स्वस्थ परम्परा है उसके यह बिल्कुल विपरीत है। इस तरह का काम नहीं होना चाहिए था। इतना ही नहीं, अच्युत मेनन साहब गवर्नर से जाकर मिलते हैं, परामर्श करते हैं, किसी को पता नहीं और अचानक हम लोग अखबारों में पढ़ते हैं कि विधान सभा को भंग कर दिया गया है। मैंने अपने प्रस्ताव में जो कहा है कि विधान सभा का विश्वास यह सरकार खो चुकी थी तो यह मैं दो मुद्दों के आधार पर साबित करना चाहता हूं। बैठक की निश्चित तिथि, अवधि 9-10 अप्रैल तक थी, उसको अचानक स्थगित किया गया। इतना ही नहीं, विधान सभा को भंग करने का जो काम है उसमें, केरल की सरकार में जो अन्य घटक पक्ष थे, अन्य दल थे उनसे भी सलाह मशिवरा नहीं किया गया, उनसे पूछा तक नहीं गया। अखबारों में जो उनके बयानात आये हैं उनसे साफ हो जाता है कि उनको भी विश्वास में नहीं लिया गया। तो क्या आप मानते हैं कि

[श्री मधु लिमये]

गवर्नर ने अपनी जिम्मेदारी पर यह निर्णय किया ? हम कई लोग कई बार इस सदन में साबित कर चुके हैं कि आज सूबों के जितने गवर्नर हैं वे अपने विवेक से काम नहीं लेते हैं, केन्द्र के इशारे पर चलते हैं। केन्द्र के इशारे पर हमेशा ये काम हुआ करते हैं। तो अच्युत मेनन की सरकार को जीवित रखना, विधान सभा को भंग करना और उसके बाद भी मेनन सरकार को भंग न करना, यह सारा काम केन्द्र की सलाह से और केन्द्र के कहने पर हुआ है। इसलिए मैं अच्युत मेनन की सरकार की इन्दिरा सरकार की एजेन्सी मानता हूँ। मेरा उनसे कोई झगड़ा नहीं है लेकिन केन्द्रीय सरकार की एजेन्सी बनकर क्या वे केरल की जनता का कल्याण कर सकते हैं ? ···(व्यवधान)··· इसलिए मेरा आक्षेप है कि अच्युत मेनन की सरकार को एक सेकेण्ड के लिए भी सत्ता में रहने का अधिकार नहीं था। असेम्बली को भंग करने के पश्चात् कम से कम नैतिकता का तकाजा था कि वे तत्काल अपना इस्तीफा देते लेकिन उन्होंने इस्तीफा नहीं दिया। क्यों नहीं दिया ? क्योंकि मतदाता सूची में हेरा-फेरी करने का काम करने के लिए उनको मौका मिले और चुनाव जीतने की दृष्टि से कुछ ऐसा दमन और आतंक का वातावरण बनाया जायें जिससे कि जो विरोधी दल हैं वे दब जायें और जाली मतसूची के जरिये तथा सरकारी मशीनरी का इस्तेमाल करके चुनाव जीतने में आसानी हो। मैं केरल के सवाल पर आपका ज्यादा समय नहीं लेना चाहता हूं लेकिन एक बात मैं जरूर कहना चाहता हूं कि जो भी वहां पर हुआ है वह सभी दृष्टि से अनुचित हुआ है। मतदाताओं की जो सूची है उसमें सुधार किये बिना इस तरह चुनाव करने का कोई मतलब नहीं है और अच्युत मेनन सरकार को भी एक क्षण के लिए सत्ता में रहने का कोई अधिकार नहीं है। (व्यवधान)···वासुदेवन नैयर साहब मुझे टोक रहे हैं लेकिन जब श्री गोविन्द मेनन साहब ने इसी तरह से वहां पर अपनी सरकार को जीवित रखा था तो ये हम लोगों का साथ देते थे कि यह अनैतिक काम है लेकिन आज वे टोक रहे हैं तो कोई बात नहीं। ···(व्यवधान)

SHRI NAMBIAR (Tiruchirappalli) : They should have resigned and gone. The Assembly is dissolved. How can they hang on like the Babylonian hanging gardens ?

श्री मधु लिमये : अब इस प्रस्ताव का जो दूसरा आधार है उसकी मैं चर्चा करना चाहता हूं। इस प्रस्ताव में मैंने कहा है कि सरकार की जो पुनर्गठन की गई उससे, एक अरसे से जो केन्द्रीकरण का संकट उत्पन्न हुआ था वह केन्द्रीकरण का संकट और गम्भीर हो गया है। सभी लोग जानते है कि प्रधान मन्त्री सरकार का नेतृत्व करती है लेकिन इसका कभी यह मतलब नहीं होना चाहिये कि सारे सरकारी महत्वपूर्ण अधिकार वे अपने हाथ में केन्द्रित करें। मन्त्रि-मण्डल की पुनर्रचना के बाद उनके हाथ में जो अधिकार आये हैं उनकी अगर हम सूची देख लेते हैं तो मैंने जो कहा है उसमें कितना तथ्य है, उसका पता आपको चल जायेगा ; उनके पिता जी के कार्य-काल में भी प्रधान मन्त्री ने अपने हाथ में ऐटमिक एनर्जी और कैबिनेट सेक्रेटेरियट विभाग रखे थे। शास्त्री जी के जमाने में भी ऐसा था। लेकिन अब क्या हो गया ? सत्ता का इतना ज्यादा केन्द्रीकरण हुआ है कि जिन तानाशाही देशों में, एकाधिकारशाही वाले देशों में सत्ता का बहुत ज्यादा केन्द्रीकरण हुआ है, ऐसा हम कहते हैं, उन देशों में भी किसी भी समय स्टैलिन ने, हिटलर ने या मुसोलिनी ने व्यक्तिगत रूप में इतनी सत्ता अपने हाथ में नहीं रखी थी। वहां पार्टी एकाधिकारशाही जरूर थी, गुट एकाधिकारशाही जरूर थी, मगर सिर्फ एक व्यक्ति की नहीं। यहां लोकतन्त्री ढांचा है, संसद है, विधान सभा में चल रही है। फिर भी आज यहां सत्ता का केन्द्रीकरण एक व्यक्ति के हाथ में तेजी से हो रहा है।

केन्द्र के पांच जासूसी विभाग हैं। अब प्रधानमन्त्री ने पांचों विभाग अपने हाथ में ले लिये हैं, घुमा फिरा कर ले लिये हैं अपने हाथ में ; फौजी जासूसी विभाग, इंटेलिजेंस ब्यूरो, सैंट्रल ब्यूरो आफ इन्वेस्टिगेशन। इतना ही नहीं ; जब उन्होंने वित्त मन्त्रालय श्री चव्हाण को दिया तो पहले वह "नहीं-नहीं" कहते थे, कम से कम अखबारों में यह बात आई थी और उस से इन्कार नहीं हुआ था, लेकिन अन्त में उन को राजी किया गया कि वह वित्त मंत्रालय को ले लें। लेकिन क्या हुआ ? वित्त मंत्रालय से दो प्रमुख जासूसी विभागों को उन से छीन लिया गया। रेवेन्यू इन्टेलिजेंस और एन्फोर्समेंट डाइरेक्टोरेट। श्री चव्हाण पहले वित्त मंत्री है जिन के हाथ में यह दोनों विभाग नहीं है ; आप किसी को जंग के मैदान में भेजते हैं, लेकिन उस के जो हथियार हैं उन को आप उन से छीन लेते हैं और कहते हैं . कि लड़ाई लड़ो।

एक माननीय सदस्य : बहादुर हैं, लड़ाई वगैर हथियार के लड़ते हैं।

श्री मधु लिमये : बहादुर हैं या क्या हैं, इस का फैसला आप बाद में कीजियेगा। लेकिन उस का नतीजा यह हुआ है। वित्त मंत्रालय के दो जासूसी विभाग हैं। रेवेन्यू इन्टेलिजेंस और एन्फोर्समेंट डाइरेक्टोरेट। विदेशी मुद्रा का जितना उल्लंघन होता है उसका सम्बन्ध एनेफर्समेंट डाइरेक्टोरेट से होता है और इनकम टैक्स, वेल्थ टैक्स, एस्टेट ड्यूटी, एक्साइज ड्यूटी आदि जो केन्द्र के कर हैं उनके बारे में रेवेन्यू इंटेलिजेंस काम करता है। श्री मोरार जी देसाई के जमाने में भी रेवेन्यू इंटेलिजेंस की पुनर्रचना की गई थी और श्रीवास्तव जी को लाया गया था, लेकिन आज यह दोनों जासूसी विभाग प्रधान मंत्री ने अपने हाथ में ले लिये। जब इतनी सत्ता आज वह अपने हाथ में रखना चाहती हैं तो मुझे ऐसा लगता है, कि यह लोकतन्त्र के स्वास्थ्य के लिये अच्छा नहीं है, मुल्क के स्वास्थ्य के लिए अच्छा नहीं है और इन्सान के नाते उनके स्वास्थ्य के लिये भी अच्छा नहीं है। इतनी सत्ता किसी एक व्यक्ति के हाथ में आयेगी तो उस का स्वास्थ्य अच्छा नही रहेगा। (**व्यवधान**) में नैतिक स्वास्थ्य की बात कर रहा हूं, शारीरिक स्वास्थ्य की चर्चा नहीं कर रहा हूं।

इन पांच जासूसी विभागों के अलावा, कैबिनेट सेक्रेटेरियट के संबंध में जो नया गजट प्रकाशित हुआ है उस से पता चलता है कि बहुत से नये नये विभाग कैबिनेट सेक्रेटेरियट में लाये गये। मैं आप के सामने तीन बातें रखना चाहता हूं ; एलेक्ट्रानिक्स विभाग एक महत्वपूर्ण विभाग है और ऐसा विभाग है जो डिफेंस मंत्रालय में आता था और शायद कुछ हिस्सा औद्योगिक विकास मंत्रालय में भी आता था। लेकिन यह एलेक्ट्रानिक्स विभाग कैबिनेट सेक्रेटेरियट में लाया गया। आज तक हम मानते थे कि सरकारी काय के जितने विभाग हैं वह एक मंत्री के सुपुर्द किए जाते है, लेकिन आज एक नया ही विभाग बन रहा है कैबिनेट सेक्रेटेरियट। यह नया राक्षस है और सब कुछ स्वाहा कर रहा है। कैबिनेट सेक्रेटेरियट के अन्दर एलेक्ट्रानिक्स विभाग चला गया। डिपार्टमेंट आफ साइंटिफिक एण्ड इंडस्ट्रियल रिसर्च भी उसी सेक्रेटेरिएट में है। अर्थात् सारी औद्योगिक और वैज्ञानिक शोध की मालिक प्रधान मन्त्री बन गई हैं।

दूसरा सब से बड़ा परिवर्तन प्रधान मन्त्री ने यह किया कि उन्होंने डिपार्टमेंट आफ पर्सोनेल अपने हाथ में ले लिया। यानी प्रधान मन्त्री के नाते जो केन्द्रीय सरकार के कर्मचारी और अफसर थे वह उनके प्रति वफादार तो थे ही, लेकिन इस से उन्हें सन्तोष नहीं हुआ। उन्होंने पार्सोनेल ऐडमिनिस्ट्रेशन भी ले लिया। वह यह सफाई दे सकती है कि किसी कमीशन ने यह सिफारिश की थी, लेकिन उस कमीशन को बाकी जितनी

(श्री मधु लिमये)

सिफारिशें थीं उनको वह मिट्टी में मिलाती हैं मगर जो सत्ता के केन्द्रीकरण वाली सिफारिशें हैं उनको वह अपने हाथ में एकत्रित करती जा रही हैं ।

एक माननीय सदस्य : कमिशन वाले तो यहां बैठे हैं ।

श्री मधु लिमये : कमिशन वाले जो बैठे है वह कुर्सी के मोह में रहेंगे या ऐडमिनिस्ट्रेटिव रिफार्म्स कमिशन की सिफारिशों के बारे में उत्साह दिखलायेंगे यह हम देखने वाले है। उन्होंने डिपार्टमेंट आफ पार्सोनेल अपने हाथ में लिया, यह बड़ी महत्वपूर्ण बात है । उन्होंने एक कमिटेड सिविल सर्विस की बात कही थी। कमिटमेंट, टु हूम ? सामाजिक आदर्श के प्रति या उन के व्यक्तित्व के प्रति ? कमिटमेंट टु दि प्राइम मिनिस्टर ?

इसके अलावा और भी विभाग आप देख लीजिए । यह जो उद्योग विभाग था उसको जिस तरह से खण्डित किया गया उसके पीछे बड़ी नीति का सवाल उत्पन्न होता है । उद्योग विभाग को खण्डित किया गया । और श्री दिनेश सिंह की प्रतिभा भी खण्डित हो गई । आज वह कहां है यह पता नहीं ।

एक माननीय सदस्य : रब्बात में ।

श्री मधु लिमये : रब्बात में तो विदेशियों ने चपत मारी,अब तो घर वाले ऐसा कर रहे हैं । हुआ क्या उद्योग मंत्रालय का ? उद्योग मंत्रालय से कम्पनी कानून विभाग अलग कर दिया गया । यह कम्पनी कानून विभाग भी एक विचित्र विभाग है । जब कृष्णमाचारी वित्त मंत्री थे तब वह इस बात पर अड़ते थे कि कम्पनी कानून विभाग मेरे हाथ में होना चाहिए और वह वित्त मंत्रालय के साथ जुड़ता था । बाद में जब श्री मोरार जी देसाई बने तो ओहदा तो बड़ा बन गया डिप्टी प्राइम मिनिस्टर का, लेकिन कम्पनी कानून विभाग उन से अलग कर दिया गया और श्री फखरुद्दीनअली अहमद के साथ जोड़ा गया । आज कम्पनी कानून विभाग अलग कर के एक राज्य मंत्र के हाथ में देने के पीछे क्या रहस्य है? एक राज्य मंत्री के हाथ में इतना महत्वपूर्ण विभाग ?

औद्योगिक विकास के बारे में क्या हुआ ? श्री दिनेशसिंह ने एक बयान दिया कि हो सकता है कि कम्पनी विभाग मेरे साथ न हो, मगर अखबार वालों से उन्होंने कहा कि लाइसेंसिंग तो मेरे हाथ में है । दूसरे दिन प्रधान मंत्री ने पत्र द्वारा उन को सूचित किया कि मैं ने तय किया है कि एक कमेटी बने लाइसेंसिंग के बारे में और उस की अध्यक्ष मैं बन जाऊंगी । इस तरह से लाइसेंसिंग विभाग भी अपने हाथ में ले लिया । अब श्री दिनेश सिंह के हाथ में रहा क्या ? एक मील लम्बी मोटर कार, एक कोठी और कुर्सी । सत्ता का जितना ज्यादा केन्द्रीकरण हो रहा है इस पर आप सोचिए । गृह मंत्रालय उन्होंने ले लिया और गृह मंत्रालय के कार्य का विभाजन कैसे हुआ ? जम्मू और काश्मीर उन के हाथ में, सुप्रीम कोर्ट के जज और हाई कोर्ट के जज की नियुक्तियां उनके हाथ में, गवर्नर और लेफ्टेनेंट गवर्नर की नियुक्तियां उनके हाथ में ।

एक माननीय सदस्य : बहुत मजबूत हाथ हैं ।

श्री मधु लिमये : और मजबूत करो ।

एक माननीय सदस्य : आप भी आइयेगा उन के हाथ में ।

श्री मधु लिमये : हम को छोड़िये । आखिर कार इस सारी सत्ता के केन्द्रीकरण का मकसद क्या है ? इसके अलावा प्राइम मिनिस्टर्स डिस्क्रीशनरी फंड भी होता है, उस का कोई हिसाब किताब नहीं रहता । देने की कोई जरूरत नहीं

और गृह मंत्रालय के यह सारे जो कार्य हैं वह भी आज उन्होंने अपने हाथ में ले लिया।

अध्यक्ष महोदय, पिछले वर्ष इन्होंने वित्त मंत्रालय अपने हाथ में लिया और यह कहकर लिया कि यह श्री मोरारजी देसाई बहुत अड़ंगे डालते हैं, मैं कुछ करना चाहती हूं और इसलिए मैं इस विभाग को अपने हाथ में ले रही हूं। उसके बाद चौदह बैंकों का राष्ट्रीयकरण हुआ; एक साल तक वित्त मंत्री के नाते बने रहने के बाद इन्होंने जिस अयोग्यता का परिचय दिया क्या उसके ऊपर यह सदन विचार नहीं करेगा? एक साल में वित्त मंत्री के नाते इन्होंने किया क्या, इन्होंने कहा क्या था? एक साल के बाद भी बैंकों के बारे में कोई योजना नहीं बनी है। इन्होंने जितने बयान दिये, उनके विपरीत काम हुआ। शुरू में बयान आए कि डिपाजिट्स तेजी से बढ़ रहे हैं। लेकिन पिछले वर्ष में डिपाजिट्स सिर्फ बारह प्रतिशत के आसपास बढ़े हैं लेकिन जो कर्जा दिया जाता है, जो क्रेडिट दिया जाता है वह सतरह प्रतिशत से अधिक बढ़ा है। बैंक डिपाजिट्स को इकट्ठा करने की इनकी जो योजना थी वह बिलकुल सफल नहीं हो पाई। इसको इन्होंने पूरा नहीं किया। जब इन्होंने वित्त मंत्रालय में देखा कि हम कुछ नहीं कर सकते हैं, इनको अयोग्यता साबित हो चुकी थी, और उस कारण जो बदनामी इनकी होगी, उससे बचने के लिए किसी न किसी का दायित्व चाहिए तो दायित्व के लिए यह बकरा इन को मिल गया। इनके प्रति सहानुभूति दिखाने की कोई जरूरत नहीं है।

बैंकों के बारे में इनकी जब स्कीम आयेगी तब उस समय हम तफ्सील में बोलेंगे। लेकिन एक साल के बाद भी यह पता नहीं चलता है कि बैंकों के बारे में नीति निर्धारण का काम कौन करेगा? रिजर्व बैंक करेगा या नए बोर्ड आफ डायरेक्टर्ज जो इन्होंने एक साल के बाद नियुक्त किए हैं वे करेंगे? इन्होंने एक बैंकिंग डिपार्टमेंट भी खोला हुआ है। जिस में नौकरशाह है और जिनको बैंकों के बारे में कोई जानकारी नहीं है। इस प्रकार के लोगों से यह भरा हुआ है। ये लोग किस तरह के आदेश देते हैं? इस तरह के आदेश देते हैं कि वार्षिक बैठक के लिए प्रिंटिंग के ऊपर इतना खर्चा करना चाहिए। पहले अगर सवा रुपए में काम होता था तो नए आदेश के अनुसार तीन रुपए तक खर्च करने की इजाजत प्रिंटिंग के बारे में दी गई है। इस तरह के आदेश के बैंकिंग डिपाटमेंट के द्वारा दिये जा रहे हैं। अभी तक इस बात का पता ही नहीं है कि जिन बैंकों को हाथ में लिया है तो इनके साथ करना क्या है। हमने कहा था कि यह केवल एक राजनीतिक चाल है, इसको सोच समझ कर नहीं किया गया है। सोच समझ कर करते तो एक साल के बाद कम से कम कोई योजना तो बन जाती। लेकिन कोई योजना ही नहीं है। सोच समझ कर इसको किया जाता तो यह हालत इनकी नहीं होती।

श्री कंवर लाल गुप्त (दिल्ली सदर): हमने तो पहले ही यह बता दिया था।

श्री मधु लिमये: हमने भी बताया था।

यह बात आपको माननी पड़ेगी कि जो बात मैं बैंकों के बारे में कह रहा हूं वह सही है और एक साल के बाद भी बैंकों के बारे में कोई योजना नहीं बनी है। साधारण जो लोग हैं, किसान हैं, लघु उद्योग वाले लोग हैं, खुद अपना काम करने वाले लोग हैं, सेल्फ एम्प्लायड लोग हैं, असल में इनको प्रचार का साधन तो खूब बनाया गया है लेकिन उनको कुछ मिला नहीं है। किसानों के बारे में भी आदेश यह निकाला है कि बड़ा ट्रैक्टर खरीदने के लिए कर्जा दिया जाएगा। अब आप देखें कि ट्रैक्टर खरीदने की शक्ति किन काश्तकारों में है, किसानों में है। हिन्दुस्तान में 75 प्रतिशत जो किसान हैं ये पांच एकड़ या उससे भी कम वाले किसान हैं। उनको बैंक क्या सहायता दे रहे हैं?

[श्री मधु लिमये]

वित्त मंत्री के नाते इन्होंने एक ऐसी चालाकी से अपना बजट पेश किया कि हमारे कुछ कम्युनिस्ट भाई भी बह गए थे। उस समय प्रधान मन्त्री ने कहा था कि मेरे बजट में जो नई कर योजना है उसके चलते कोई दाम नहीं बढ़ेंगे। हमने कहा था कि जरूर दाम बढ़ेंगे। आज क्या हो रहा है ? अकेले छः महीनों में आठ प्रतिशत थोक बाजार भावों में वृद्धि हुई है। ये प्रकाशित फिगर्ज हैं। एक साल के अन्दर पांच प्रतिशत से अधिक वृद्धि हुई है। बीस जून से पहले वाला जो साल था उसमें पांच प्रतिशत से अधिक वृद्धि हुई है। साधारण लोगों को जो चीजें खरीदनी पड़ती हैं उनके दाम तो बहुत ज्यादा बढ़ गए हैं।

अध्यक्ष महोदय, पिछले वर्ष दिसम्बर में इन लोगों का जलसा हुआ था। इन्होंने समाजवाद की घोषणा की थी और कहा था कि ये नई दुनिया का निर्माण करने जा रहे है। इसके तुरन्त बाद जनवरी के शुरू में ही हमने क्या देखा ? दूसरे ही दिन हमने देखा कि एक जनवरी को बिड़ला को फर्टिलाइजर का कारखाना गोआ में स्थापित करने का लाइसेन्स दे दिया गया। उसी तरह से इस्पात और लोहे के दामों में इतनी ज्यादा वृद्धि की गई कि टाटा साहब ने भी इतने दाम नहीं मांगे थे। क्यों वृद्धि की ? आज लोहे और इस्पात के व्यापार में इतना काला बाजार चल रहा है कि उसका अनुमान करना भी आपके लिए मुश्किल है। लेकिन चूंकि हिन्दुस्तान स्टील में इनको बहुत बड़ा घाटा था, इसलिए दामों की वृद्धि इस तरह से हुई। आज उसका नतीजा साधारण लोगों को भुगतना पड़ रहा है। बजट पेश करते समय इन्होंने कहा था कि मंहगाई नहीं बढ़ेगी, साधारण जनता के जीवन पर कोई असर नहीं होगा। ये सरकारी बयान थे। एनोनिमस स्पोक्समैन इस तरह के बयान दे रहे थे और आप अखबार निकाल कर इनको देख सकते हैं। लेकिन आज हम क्या देख रहे हैं ? तीन चार महीने के अन्दर अन्दर चारों ओर मंहगाई की ज्वालाएं भड़क उठीं। वित्त मन्त्री के नाते, बैंकों का सवाल हो, मंहगाई का सवाल हो, इनका जो सारा काम रहा है, उससे यह बिलकुल साफ हो गया कि वित्त मन्त्री बनने के पश्चात इन्होंने कोई बड़ा लोक कल्याणकारी काम वहां पर नहीं किया और जब यह देखा कि हम से नहीं हो रहा है तो मंत्रिमंडल की पुनर्रचना का बहाना बना कर यह दे दिया चव्हाण साहब के जिम्मे।

यह जो सत्ता का केन्द्रीकरण हो रहा है, उसके बहुत खतरनाक नतीजे निकल रहे हैं। इन्होंने बहुत से विभाग अपने हाथ में ले लिये है। हम जानते हैं कि ये बहुत व्यस्त हैं, बहुत सारे काम इनको करने पड़ते हैं, इनको लोगों से मिलना पड़ता है, स्वागत समारोहों में जाना पड़ता है, विदेशी महमान आते हैं, उन से भी मिलना पड़ता है और विरोधियों की सरकारों को गिराने का भी काम इनको करना है, टापलिंग का काम भी इनको करना है। ये बहुत ज्यादा काम है और ये बहुत व्यस्त रहती हैं। इस सब का नतीजा क्या हो रहा है ? आज प्रशासन में दस पन्द्रह प्रतिशत काम ऐसा है जिस के ऊपर इनकी निगरानी रह सकती है। जिसका सत्ता की राजनीति से सम्बंध होता है। बाकी 85 प्रतिशत काम ऐसा है जिस की सत्ता आज नौकरशाही के हाथ में चली गई है। कैबिनेट सैक्रेटेरियट शक्तिशाली बन रहा है। प्राइम मिनिस्टर सैक्रेटेरियट को तो मैं अदृश्य सरकार कहता हूं। ऐसे ऐसे लोग इस प्राइम मिनिस्टर सैक्रेटेरियट में है जो अपने को कम्युनिस्ट कहते हैं लेकिन कम्युनिस्ट होते हुए भी ब्रिटिश इंटरनैशनल कार्टल के साथ भी दोस्ताना रिश्ता रखते हैं, जसे इम्पीरियल टोबैको। यह विचित्र देश है। इस देश में नाम के वास्ते कम्युनिज्म भी चलाओ और विदेशी पूंजीपतियों की जो बड़ी कम्पनियां हैं उन के साथ भी नाता रिश्ता जोड़ो।

श्री कंवर लाल गुप्त : कम्युनिस्ट पार्टी भी ऐसा कर रही है।

श्री मधु लिमये : मैं नकली कम्युनिस्टों की चर्चा कर रहा हूं ।

एक अदृश्य सरकार हमारे देश में स्थापित हो गई है जिसका किसी के भी प्रति दायित्व नहीं है, जो मनमाने ढंग से अपना काम करती है। प्रशासनिक सुधार के लिए पहले श्री मोरारजी देसाई की अध्यक्षता में और उनके मंत्री बन जाने के बाद श्री हनुमन्तैया साहब की चेयरमैनी में एडमिनिस्ट्रेटिव रिफार्म्स कमिशन बना । सुना है कि चालीस लाख रुपया आपके ऊपर खर्च हुआ, क्या यह सही है ? इतना सब करने के बाद जो इनकी सिफारिशें हैं उनके ऊपर कोई सोच विचार और ठीक तरह अमल हो रहा है ?

मैं मानता हूं कि प्रधान मन्त्री व्यस्त रहती हैं । मैं यह भी मानता हूं कि सभी देशों के बड़े लोग अपने भाषणों को लिखने में, पत्रों को लिखने में दूसरों की सहायता लेते हैं । उस में मैं कोई बुराई नहीं मानता हूं । लेकिन जो भाषण हम देते हैं या जिन पत्रों पर हम हस्ताक्षर करते हैं, उनको कम से कम इतना देख तो लेना चाहिए कि उनमें क्या लिखा है और क्या हमने कहा है । प्रधान मन्त्री जो नवम्बर 1970 में रुड़की यूनिवर्सिटी में गई थीं । वहां इन्जीनियर लोगों ने सुना है कि इनका घेराव वगैरह किया था । उनको खुश करने के लिए इन्होंने एक भाषण उनके सामने दिया । उस भाषण में से एक ही अनुच्छेद मैं पढ़ना चाहता हूं :—

> "It is odd that the greatest doctors and engineers in the country who would be rated as the leaders of the profession and who assist the nation or add permanent asset to the nation can rarely hope to receive the pay or the status of Secretaries of Ministers. The brightest of youngmen and women choose engineering or medicine. If they happen to come in government they are very soon overtaken by the general administrator. This must change and I am trying to change it. The administrative system must reflect an individual's contribution to human welfare and economic gain."

लेकिन बाद में क्या होता है ? इस साल इंडियन एडमिनिस्ट्रेटिव सर्विस का जो इम्तहान हुआ, उस में श्रीमती अनुराधा मजुमदार नाम की एक लड़की पहले नम्बर पर पास हुई। प्रधान मंत्री ने एक बहुत अच्छा काम किया कि उन्होंने उस लड़की को अपनी ओर से शुभ संदेश और शुभेच्छा भेजी । लेकिन जिस संदेश पर उन्होंने अपना हस्ताक्षर किया—उस का मस्विदा किसी आई० सी० एस० या आई० ए० एस० अफसर ने तैयार किया होगा,— उस में कहा गया है :

> "The Indian Administrative Service is the most effective instrument of doing good to the people of India."

उसमें इस प्रकार की बात कही गई है। वह कागज अभी मेरे पास नहीं है। प्रधान मन्त्री के रुड़की वाले भाषण और इस पत्र की आप तुलना कीजिए । 1967 में वह कहती हैं कि प्रशासन में जाने के बाद डाक्टरों, इंजीनियरों और दूसरे विशेषज्ञों की दुर्गति हो जाती है और उसको मैं बदलना चाहती हूं । मुझे अचम्भा होता है कि 1970 में विशन टंडन या किसी और आई०सी० एस० या आई० ए० एस० अफसर ने अपने मामले को आगे बढ़ाने के लिए जो कुछ लिख दिया, उस पर प्रधान मंत्री ने हस्ताक्षर कर दिये प्रधान मन्त्री को यह स्पष्ट करना चाहिए कि प्रशासन के बारे में उनकी क्या नीति है । यह दो मुंह और दो जीभ वाली बात बन्द होनी चाहिए । वैज्ञानिकों, डाक्टरों, इंजीनियरों, विशेषज्ञों, कामर्स ग्रैजुएट्स और आडिटर्ज के सामने एक बात कह दी और अन्यत्र साधारण प्रशासकों की प्रशंसा में कोई दूसरी बात कह दी—गंगा गये तो गंगाराम और जमुना गये तो जमुनादास; यह बात नहीं चलेगी । प्रधान मन्त्री और सरकार को यह शोभा नहीं देता है ।

[श्री मधु लिमये]

एडमिनिस्ट्रेटिव रिफार्म्ज कमीशन ने पिछले वर्ष पर्सोनेल एडमिनिस्ट्रेशन पर अपनी रपोर्ट दी। मुझे आश्चर्य होता है कि जेनेरल एडमिनिस्ट्रेटर्ज को एकाधिकारशाही के खिलाफ उसने जो सिफारिशें की, उन के बारे में निर्णय लेने के लिए हमारी सरकार क्या करती है। उन दिनों श्री चव्हाण गृह मंत्री थे। मैंने उन से भी बातें कीं, लेकिन सब को अपनी अपनी चिन्ता पड़ी है। कौन प्रशासनिक सुधार की ओर ध्यान देता है? सब को यही चिंता है कि मैं कहां हूं और कल कहां रहूंगा। उन्होंने गृह मंत्रालय में एक विभाग खोला और उसके प्रमुख बनाये गए एक आई० सी० एस० अफसर, यानी जिस पर चोरी डकैती का अभियोग लगाया गया उसी को जज बना दिया गया। क्या यह कोई तरीका है? लेकिन मुखर्जी साहब को उस विभाग का प्रमुख बना दिया गया। उस के बाद एक सैक्रेटरीज की कमेटी बनी। उस में भी सब आई० ए० एस० के अफसर थे। वे लोग कहते हैं कि कोई जरूरत नहीं है प्रशासनिक सुधार की, आई० सी० एस० और आई० ए० एस० इतने अच्छे हैं कि वे सब काम अच्छे ढंग से कर सकते हैं।

प्रधान मन्त्री के इन दो बयानों में कहीं मेल नहीं है कहीं सामजस्य नहीं है। जब तक इस बारे में कोई सुस्पष्ट नीति नहीं अपनाई जाती है, तब तक प्रशासन में कोई परिवर्तन नहीं आने वाला है। भारत सरकार के तकरीबन 24,000 क्लास वन के अफसर हैं, उन में से 12,000 से अधिक विशेषज्ञ हैं, जिनको कोई मौका नहीं है। मैं श्री हनुमन्तैया साहब से जानना चाहता हूं कि क्या उन की कोई शर्त रहेगी कि अगर अमुक अवधि तक उन की सिफारिशों पर अमल नहीं होगा, तो वह इस्तीफा दे देंगे। (व्यवधान)

एक बात जरूर है। प्रधान मन्त्री की इस बात को मैं जरूर नोट करता हूं—और यह तारीफ की बात है—कि उन का दिमाग इतना लचीला है कि उन के पिता जी ने जिन लोगों को अपने से दस मील दूर रखा था, जिस डी० पी० मिश्र को उन्होंने दस मील दूर रखा था जिन हनुमन्तैया साहब से उन्होंने कोई नाता रिश्ता कायम नहीं किया था, आज वही प्रधान मन्त्री के आधार-स्तम्भ हैं। (व्यवधान) उनका दिमाग लचीला है। मैं यह भी मानता हूं कि उन में हिम्मत भी है। बाकी के इन लोगों में हिम्मत नहीं है। इसी लिए वह जीतती हैं। (व्यवधान)

अगर प्रधान मंत्री इस सत्ता का इस्तेमाल प्रशासनिक सुधार के लिए करतीं, तो मैं जरूर कहता कि यद्यपि सत्ता का केन्द्रीयकरण बुरी चीज है, लेकिन उन्होंने उस का इस्तेमाल अच्छे काम के लिए किया।

जहां तक औद्योगिक नीति का सम्बन्ध है, हम को कहा जाता था कि श्री मोरार जी देसाई इतने बुरे हैं कि वह बड़े पूंजीपतियों को लाइसेंस देते हैं। (व्यवधान) खुद श्रीमती इन्दिरा गांधी ने कहा है कि मैं तो देश को तेजी से समाजवाद की ओर ले जाना चाहती हूं, लेकिन श्री मोरार जी देसाई और श्री निजलिंगप्पा उस में रोड़े अटकाते है, उस में बाधक हैं। लेकिन कांग्रेस के विभाजन के बाद इस सत्ता का क्या इस्तेमाल हुआ? क्या यह सही नहीं है कि गोआ फर्टलाइजर के लाइसेंस के अलावा बिड़ला परिवार को चार नये लाइसेंस दिये जा रहे हैं : सौराष्ट्र, कैमिकल्ज, हिन्दुस्तान एलुमिनियम, ग्वालियर रेयन और बिहार में एक नया प्रकल्प? प्रधान मन्त्री के नेतृत्व में और बम्बई कांग्रेस के बाद यह सारा काम हो रहा है। जब श्री मोरारजी देसाई वित्त मंत्री थे, उस समय जो लोग इस बारे में जोरों से चिल्लाते थे, जिन में हमारे कुछ नकली वामपन्थी भी हैं, आज वे बोलने के लिए तैयार नहीं हैं; क्या मैं इस नतीजे पर पहुंचूं कि अगर कोई काम एक व्यक्ति करता है, तो वह खराब है लेकिन अगर वही काम, या उससे भी बदतर काम, कोई दूसरा व्यक्ति करता है, तो वह अच्छा है, या कम से कम चुप्पी साधने वाला काम है? (व्यवधान)

आज कम्पनी विभाग श्री रघुनाथ रेड्डी के हाथ में है। उन पर मुझे दया आती है। उन का एक मात्र काम यह रह गया है कि प्रधान मन्त्री चुनाव के लिए राजनैतिक चन्दे के लिए जिन कम्पनियों से दोस्ती रखेंगी, उन कम्पनियों को वह क्लीयरेंस दे दें। कल राज्य सभा में इस बारे में चर्चा हुई। आज दोपहर मैंने उनकी कार्यवाही पढ़ी। मैंने देखा कि वह एक प्रश्न का भी साफ जवाब नहीं दे पाये। वे सवाल श्री कृष्ण कान्त और श्री चन्द्र शेखर द्वारा पूछे गये थे, जो कांग्रेस पार्टी के लोग हैं, मेरी पार्टी के लोगों के द्वारा नहीं। आज जिन लोगों के बारे में कहा जाता है कि उनका वामपन्थी दिमाग है, उन्हीं लोगों से यह गंदा काम करवाने के लिए श्री रघुनाथ रेड्डी को कम्पनी विभाग का मंत्री बना दिया गया है।

विदेश व्यापार विभाग श्री ललित नारायण मिश्र के हाथ में है। सारा सदन जानता है कि वह कितने काबिल और योग्य आदमी हैं। (व्यवधान) उधर के बड़े लोग आ कर मुझे कहते हैं कि श्री ललित नारायण मिश्र को विदेश व्यापार विभाग का मंत्री इस लिए बनाया गया है कि उन के जिम्मे प्रधान मन्त्री ने यह काम सौंपा है कि इस साल के अन्त तक चुनाव के लिए पांच करोड़ रुपया इकट्ठा करो।

भारत नेपाल व्यापार के बारे में तीन चार साल से मैं बोल रहा हूं, पश्चिमी किनारे पर जो तस्करी चल रही है उसके बारे में मैं बोल रहा हूं। हमारे दोस्त और साथी बोल रहे हैं। कई अर्थ-शास्त्रज्ञों ने आंकड़ों से यह साबित किया है, प्रोफेसर बी० आर० शेणाय और दूसरे लोगों ने कि तस्करी कम से कम 6 सौ करोड़ रुपए की हो रही है। जो रुपए की बाजार में, खुले बाजार में या ब्लेक-मार्केटिंग में कहिए, दर है उसी से पता चलता है कि अवमूल्यन के बाद भी रुपये की स्थिति सुधरी नहीं है और कैसे सुधरेगी? जब 600 करोड़ रुपये की तस्करी होती रहेगी तो रुपये के ऊपर दबाव रहेगा और मैं आज चेतावनी देना चाहता हूं कि यदि इस तस्करी को रोकने के लिए सख्त कार्यवाही नहीं की गई तो रुपये के अवमूल्यन का प्रश्न ले कर फिर यह सरकार आएगी। इंदिरा गांधी की सरकार को मैं अवमूल्यन की सरकार कहता हूं। 1966 में उन्होंने अवमूल्यन किया रुपये का ··· (व्यवधान) प्रधान मंत्री बच जाती है और अशोक मेहता साहब ही रह जाते हैं? अशोक मेहता तो जिम्मेदार हैं लेकिन ज्यादा जिम्मेदारी किस की है यह भूल जाते हैं?···

अध्यक्ष महोदय : पचास मिनट आपके हो चुके हैं।

श्री मधु लिमये : अध्यक्ष महोदय, इतना टोका जाता है मुझे कि बहुत सा समय उस में निकल जाता है। आप को घन्टी बजाने की जरूरत नहीं पड़ेगी, मैं कुछ मुद्दे अपने कम करूंगा और जल्दी खत्म करूंगा।

तो 600 करोड़ रुपये की तस्करी चल रही है। नवम्बर 1968 में भारत नेपाल व्यापार के बारे में बलिराम भगत एक करार कर के आए जिस में नेपाल ने कहा कि 80-90 लाख रुपये का सिन्थेटिक फेब्रिक्स हम भेजेंगे। 1 करोड़ 20 लाख रुपये का स्टेनलेस इस्पात भेजेंगे, इससे अधिक नहीं भेजेंगे। आत्म नियंत्रण रखेंगे। लेकिन क्या आत्म-नियंत्रण हुआ? मैंने आंकड़ों से साबित किया है कि कलकत्ते के बन्दरगाह पर जितना सिंथेटिक फेब्रिक आया है वह उससे कहीं ज्यादा है। एक किलोग्राम में कम से कम 14 मीटर कपड़ा होता है। मैंने साबित किया कि आत्म-नियंत्रण के करार में जितना कपड़ा भेजने का वायदा किया था उस से कम से कम तीन चार गुना कपड़ा वहां बन रहा है और नेपाल में तो कोई मण्डी है नहीं वह भारत को भेजा जा रहा है। अब यह करार समाप्त हो गया है। मुझे पता चला है कि श्री ललित नारायण मिश्र ने एक नया सुझाव दिया है चन्दा एकत्रित करने के

[श्री मधु लिमये]

लिए कि स्टेटस-को आगे चलायेंगे। उस की क्या जरूरत है? उस समय तो आप कहते थे कि···

वैदेशिक व्यापार मंत्री (श्री ल०ना०मिश्र): यह बात मत करिए। हम ने कोई सुझाव नहीं दिया है।

श्री मधु लिमये: अध्यक्ष महोदय, यह आते ही इतना गरम क्यों हो गए? अपने लिये लिया था, यह तो नहीं कहा मैंने। मैंने कोई व्यक्तिगत आरोप नहीं किया।

तो मैं भारत नेपाल सन्धि के बारे में कह रहा था। उन दिनों में इन की दलील थी कि चूंकि सन्धि है और उसकी जो परिभाषा है वह संदिग्ध है, ऐम्बीगुअस है, इस लिए हम कुछ नहीं कर सकते। लेकिन अब तो करार की अवधि खत्म हो रही है न इस साल? अब नई संधि मत बनाओ। नेपाल से कहो कि विदेशों से जो माल आप लाते हैं और विदेशी कच्चे माल के ऊपर जो माल आप बनाते हैं, मैं ने कई उदाहरण दिये, रेडीमेड गारमेंट, और मैंने बलि राम भगत को दशहरे का एक प्रेजेन्ट भी दिया, बम्बई के बाजार से खरीद कर मेड इन नेपाल लिखा हुआ लेकिन जापानी शर्ट था और उन्होंने माना कि आप ने बड़ी हमारी मदद की, मैं उन के खिलाफ सख्त कार्यवाही करूंगा तो मैं यह चाहता हूं कि सरकार नेपाल वालों से यह कहे-पड़ौसियों से अच्छा रिश्ता मैं भी चाहता हूं, लेकिन नेपाल में कुदरती तौर पर जो कच्चा माल होता है हाइड्रो एलेक्ट्रिक रिसोर्सेज हैं, जंगल का सामान है, पेपर फैक्ट्री लगाने में, जंगल के सामान का माल बनाने में आप उन की खूब मदद कीजिए मैं उस का विरोधी नहीं हूं मैं नेपाल का मित्र हूं लेकिन नेपाल में जो बदमाश भारत के हो लोग हैं और जो बड़े धार्मिक लोग हैं, चीटियों को शक्कर भी खिलाते हैं और इन्सान की गर्दन भी काटते हैं, ऐसे लोगों के साथ आप नाता रिश्ता मत जोड़िए। आप नेपाल से कहिए कि आप के देश में जो कच्चा माल होता है और आप के देश के नौजवानों को काम मिले इस के लिए पड़ौसी के नाते हम अपना कर्तव्य निभाने के लिए तैयार हैं लेकिन तस्करी को प्रोत्साहन देने के लिए हम तैयार नहीं हैं। चुनाव के लिए मैं जानता हूं कि आप को पैसा इकट्ठा करना है। सभी दल कम या अधिक मात्रा में करते हैं। लेकिन राष्ट्रीय हितों का बलिदान कर के यह काम नहीं करना है।···(**व्यवधान**)····अरे, हम को कौन देता है? हम को देने की बात कहां आती है जब हम इस तरह का भाषण करेंगे तो कौन हम को देगा?

तो मैं कह रहा हूं कि राष्ट्रीय हित को होम कर के, उसको जला कर क्या आप अपनी दलीय राजनीति करेंगे?

अध्यक्ष महोदय, कम से कम मैं यह जानता हूं कि यह सरकार समाजवादी सरकार नहीं है न समाजवाद की स्थापना करने वाली है, लेकिन कम से कम हम मानते थे कि कुछ चीजों के बारे में इन का दिमाग साफ होगा जैसे विदेशी कम्पनियां बनाम देशी कम्पनियां। इन को समर्थन देना चाहिए देशी कम्पनियों को। मैं समाजवाद की बात नहीं कर रहा हूं उसी तरह जो एकाधिकारशाह लोग हैं उन की वनिस्वत स्पर्धा को बढ़ावा देना चाहिए, जो बड़े लोग हैं, उन के मुकाबिले छोटे लोगों की मदद करनी चाहिए। इसमें तो बहुत बड़ी समाजवादी सिद्धांत की बात नहीं है? लेकिन यहां मैं देख रहा हूं कि विदेशी कम्पनियों को प्रोत्साहन मिल रहा है। इम्पीरियल टुबेको कम्पनी का मामला है। बहुत अरसे से लिख रहा हूं। मन्त्री महोदय ने माना, श्री फखरुद्दीन अली अहमद ने माना लेकिन पत्र क्या लिखते हैं कि—सिगरेट मेकिंग इज ए कॉटीन्युअस प्रोसेस इंडस्ट्री। एक मिनट में सिगरेट का कारखाना बन्द कर सकते हैं और खोल सकते हैं मैं जानता हूं क्योंकि मेरे क्षेत्र में इम्पीरियल टुबैको कम्पनी है। ग्लास-फर्नेस है, रौटरी किल्न्स है (**व्यवधान**) अरे इण्डियन नाम के वास्ते हो

गया और पी० एन० हाक्सर के भाई उस के चेयरमैन बन गए, लेकिन शेयर-होल्डिंग किसकी है ? तो आप हिन्दुस्तानियों को बढ़ावा दीजिए, विदेशियों को बढ़ावा न दीजिए और कानून तोड़ कर वजीर सुल्तान अपनी कैपेसिटी को बढ़ाता है तो आप दण्डित कीजिये उसे ।

इसी तरह अध्यक्ष महोदय, जो एकाधिकारशाही वाले लोग हैं, कई ऐसे उद्योग हैं जिस में एकाधिकार उन का है । कई दफा मैंने यह साबित किया है । मेरा ख्याल है, एक केमिकल फर्म के बारे में बात थी कि जो दिखाया हुआ दाम है और जो बाजार में है उस में बीस-बीस गुना का फर्क है । क्योंकि एकाधिकार है । तो जहां जहां यह है वहां आप को चाहिए कि नये लोगों को मौका दें पैदावार बढ़ाने की दृष्टि से और बड़े और छोटे का जहां सवाल आए वहां आप हमेशा छोटों को आगे बढाने की कोशिश करें । इतना भी आप नहीं करते हैं तो क्या मतलब है समाजवादी घोषणाओं का ?

मैं एक ही बात कर समाप्त करता हूं । यह इंडस्ट्रियल लाइसेंसिंग की जो नई नीति है इस के बारे में स्टेटसमेंन में खुलासा आया कि निर्यात प्रोत्साहन के नाम पर जिन बड़े लोगों को आप ने मना किया था जिस क्षेत्र में उस में भी निर्यात प्रोत्साहन के नाम पर आप ने दरवाजा खोल दिया । निर्यात प्रोत्साहन का अर्थ क्या है ? कि यह कम्पनियां निर्यात तीन साल की अवधि में करें । मतलब चुनाव तक पूछने का सवाल ही नहीं, तीन साल तो टल गये । तीन साल के बाद कोई कुछ करने वाला नहीं है । उस के बाद कहेंगे कि हम क्या करें, उन्होंने हमारे साथ धोखा किया । एक सुझाव यह भी आया है कि स्टेट ट्रेडिंग कार्पोरेशन के जिम्मे यह करें । तो यह लोग कानून तोड़ कर पैसा कमायें और आप उन की एक्सपोर्ट प्रमोटिंग एजेन्सी बन जायें । यह नयी पालिसी है आप इस सदन में यह आश्वासन दे चुके हैं कि ऐसे क्षेत्र में जहां स्वदेशी विज्ञान और तकनीक काफी मात्रा में विकसित हो गया है, हम विदेशी सहयोग की घूट नहीं देंगे । बिस्कुट के लिये, आइसक्रीम के लिए ब्रैंजियर्स के लिये हम नहीं करेंगे । लेकिन हम देख रहे हैं खुद उद्योग मंत्री लिखते हैं कि बीयर के क्षेत्र में हम ने विदेशी कोलाबोरेशन को मान्यता दी है । क्यों दी है ? अगर यह एकाधिकारशाही है तो नए लोगों को मौका दो, एकाधिकारशाही को तोड़ो, लेकिन यहां की एकाधिकारशाही को खत्म करने के लिए विदेशियों को न्यौता देने का क्या मतलब है ? पैदावार बढ़ाने के लिए कोई नीति नहीं है । इस लिए, अध्यक्ष महोदय, सत्ता के केन्द्रीकरण से कई खतरनाक नतीजे निकल रहे हैं । मैं कोई व्यक्तिगत सवाल नहीं उठा रहा हूं, देश में भ्रष्टाचार बढ़ रहा है, नौकरशाहीकरण बढ़ता चला जा रहा है, लोकतन्त्र के लिए खतरा पैदा हो रहा है । इस लिए अध्यक्ष महोदय, मैं अपना भाषण खत्म करते हुए सदन से अनुरोध करता हूं कि जो बातें मैं ने यहां पर रखी हैं, उन पर ठन्डे दिमाग से सोचें और इस प्रस्ताव का साथ दे कर इस केन्द्रीकरण और लोकतन्त्र विरोधी खतरे से बचायें ।

15 hrs.

MR. SPEAKER : Motion moved :

> "That this House expresses its want of confidence in the Council of Ministers.".

DR. RAM SUBHAG SINGH (Buxar) : I support the motion of no-confidence that has been so ably moved by my hon. friend Shri Madhu Limaye. He has virtually covered all the field, and the charges that have been levelled by him in regard to rigging up in elections are hundred per cent correct. For, today, there are two State Assemblies which are in dissolution. One is the Kerala Assembly and the other is the Manipur Assembly. The Kerala Assembly was dissolved in the month of May, while the

[Dr. Ram Subhag Singh]

Manipur Assembly was dissolved last year soon after the Prime Minister visited that place, when her meeting was not allowed to be held and when she got bulleted the poor Manipurians there. But this shameless Government does not know that it should apply a uniform policy in these two States.

We do stand for elections. You may hold elections wherever you like. It is good that you are holding elections in Kerala. But where is your face, the face of boldness, in Manipur? Why do you not immediately order for elections there ? Therefore, I charge the Election Commissioner also. He should see that the two elections are held simultaneously, because the Manipur Assembly was dissolved much earlier as compared to the Kerala Assembly. Therefore, this is a dishonest action of this Government of India. Since the Prime Minister is holding the portfolio of Home Affairs also. I charge her of dishonest dealings in Kerala and Manipur.

Again, what is the good of maintaining the West Bengal Assembly ? Are you going to pay them gratis ? You are maintaining a horde there. What for ? For advising an incompetent Governor who knows nothing and who goes on abusing everybody. Therefore, I say that she should immediately, if she has any honest feeling left in her mind, dissolve the West Bengal Assembly also.

AN HON. MEMBER : None left.

DR. RAM SUBHAG SINGH : I accept that she has none.

I have no quarrel with anybody. But what about the election affairs ? Shri Madhu Limaye quoted certain figures and he gave the percentage also. The total number of voters in Kerala in 1967 was 86,41,296, and the number of service voters was 20,791. But the number of voters included after intensive revision comes to 31,66,459, and the number of voters deleted after intensive revision was as follows,— I do not know where that intensive business is. Was this government kept in power only to do this intensive work ? They got deleted 17,62,916 vaters. Can you find any sense in this ? Where is the Family Planning Minister ? How many people are born and how many people die ? He should give those figures. He got himself dismissed, and dismissed after continuing unnecessarily for six months more. Another person is in charge now but he is not traceable perhaps at this moment.

So this is the big bungling that is going on. I do not want to go into details because they have been gone into by Shri Madhu Limaye. But I make this demand : If there is any sense of honesty left in this Government—I do not believe there is—they should immediately order an inquiry ; they should immediately appoint a Commission of Inquiry to investigate the correctness of the voters' list. You, Sir, have contested elections so many times, both to the State Assembly as well as to Parliament. You know that all parties are supplied with the voters' list. I ask the Election Commissioner, where is the voters' list ? I ask the Prime Minister to place that list on the Table. But there is no voters' list available.

AN HON. MEMBER : Tomorrow.

DR. RAM SUBHAG SINGH : Not tomorrow but today when the session is on.

Therefore, this is the bungling that is intentionally got done by the Government of India headed by the Prime Minister.

THE MINISTER OF LAW AND SOCIAL WELFARE (SHRI K. HANUMANTHAIYA) : Intentionally ?

DR. RAM SUBHAG SINGH : The Chairman of the Administrative Reforms Commission is laughing ; he is now elevated to Cabinet and has become Law Minister. He had given a threat 'I will not dissolve the Administrative Reforms

Commission unless and until I am elevated to the Cabinet'. I congratulute him on his threat having worked and getting his recommendations implemented.

He comes from very near Kerala, Mysore. In Kerala, he knows that the rainfall is about 100 inches annually. Rain is heavy particularly during these months. This morning we were here when a Calling Attention motion was answered by the Minister of Irrigation and Power. When Shri Tapuriah asked a question about villages being washed away and more than two dozen vehicles drowned, it was clear that no warning system was traceable. Defence personnel also live there ; the State Government personnel are also there. But nobody gave any warning.

What is the rainfall in Kerala ? It is nowhere less than 100 inches. During this time, in August, if you go from Cannanore to Trivandrum, rarely there will be a day without rainfall. Can you satisfactorily carry on the election campaign there ? If not, is it going to be a fair and honest election ? I do not say 'do not hold the election,' but apply the same principle everywhere. Wherever the Assembly under dissolution—I would request Shri Hanumanthaiya, now that he is the Law Minister, at least not to give dishonest advice, as he did previously in regard to Kutch and other matters to Government—Wherever the Assembly has been dissolved, election should be held. But in the case of Kerala only, they got this order issued. It was announced over the radio that election would be held on the 17th September. The Election Commissioner says, 'If anybody wants to submit a list of voters whose names are not recorded, I can extend the date by one or two days'. Is this justice in India ? Can everybody hear this announcement ? Though of course, Kerala is a very literate State, can everybody whose name is not there go from his house and get his name registered in the panchayat register and get the electoral list corrected in time ? If it is not possible, this is called rigging the electoral rolls and no amount of argument is going to convince anybody, because even now no party has been supplied with a printed copy of the electoral roll to an election scheduled to be held so soon, on September 17, much less district parties or tehsil parties.

